हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 30 मार्च 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री

4
यातायात समस्या का निराकरण करने सड़क पर निकले एसपी



## खबर संक्षेप

### मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा की गई है। छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 3 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। सरगुजा लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को मतदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 ख, "मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी"में उल्लेखित प्रावधान अनुसार मतदान दिवस 7 मई 2024 को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सरगुजा जिले में तृतीय चरण में मतदान किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने सर्व विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख को पत्र जारी कर कहा है कि मतदान दिवस 7 मई को मतदान करने के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने जारी निर्देशों का पालन करने हेतु अपने अधीनस्थों को अपने स्तर से निर्देशित किए जाने कहा है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक की मौत, एक गंभीर

**अंबिकापुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्रामा कोटिया निवासी 20 वर्षीय आदित्य कुमार सिंह आ. पारसनाथ बुधवार की रात 8 बजे गांव के प्रकाश यादव के साथ अपने जीजा के घर ससकालो बाइक से गया हुआ था। देर रात दोनों युवक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान भाटापारा के पास अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आदित्य की मौत हो गई जबकि प्रकाश यादव का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है व शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### सड़क पार कर रहे युवक की बाइक की टक्कर से मौत

**अंबिकापुर।** सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग जांच उपरान्त बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सिलसिला बस्तीपारा निवासी सियाराम एक्का का पुत्र बाबूलाल एक्का 26 मार्च की रात आठ बजे घर के सामने मौजूद बंठू कुजूर के घर से मिर्च लेकर वापस लौट रहा था इस दौरान रघुनाथपुर से बतौली की ओर जा रहे पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 ईबी 6337 के चालक ने पैदल चल रहे युवक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना के बाद बाबूलाल समेत बाइक चालक व सवार सड़क पर गिर गए। घायलों को उपचार के लिए ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुर में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जांच उपरान्त बाबूलाल एक्का को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल चालक व बाइक सवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। पिता की शिकायत पर मर्ग जांच कर पुलिस द्वारा बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### एटीएम बदलकर ठगी का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** एटीएम कार्ड बदलकर पीओएस मशीन की मदद से सवा लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बिहार के समस्तीपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है। आरोपियों के खिलाफ बिहार में भी कई अपराध दर्ज है।

### एसपी की अनुशंसा पर कलेक्टर ने जारी किए आदेश

# दो बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर




जिलाबदर किए गए आरोपी।

**खास बातें**
- 24 घंटे के भीतर जिला छोड़ने के निर्देश
- छह माह तक सीमावर्ती जिलों में भी नहीं कर पाएंगे प्रवेश
- पुलिस की रहेगी सतत निगरानी

जिला दण्डाधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के 02 बदमाशों को पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह की अनुशंसा पर जिला बदर का आदेश दिया है। बदमाश नारायण यादव निवासी बटईकेला थाना कांसाबेल एवं दिलीप गुप्ता निवासी पुरानी बस्ती पत्थलगांव के निवासी हैं।

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग ने पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश दिया था कि जिले के अंदर जितने भी ऐसे गुंडा बदमाश है जिनके खिलाफ थानों में एक से अधिक अपराध दर्ज है उन पर जिला बदर की कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस आदेश का पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक ने 06 गुंडा बदमाशों की सूची जिला कलेक्टर को जिला बदर के लिए अनुशंसा करते हुए प्रेषित किया था। पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर कलेक्टर ने 02 आदतन गुंडा बदमाशों के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किया है। बदमाश नारायण यादव उम्र 39 साल, ग्राम बटईकेला थाना कांसाबेल का निवासी है, यह अत्यंत बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है एवं झूठी शिकायत करने का आदि है। इसके विरूद्ध थाना कांसाबेल में मारपीट, गा ली - ग लौ ज , छेड़छाड़, अनुसूचित जाति व जनजाति के सदस्यों पर अत्याचार, दुष्कर्म जैसे 07 प्रकरण पंजीबद्ध हैं, एवं 63 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। उक्त बदमाश के विरूद्ध पूर्व में 07 दिसंबर 2018 से 06 दिसंबर 2019 तक एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर की कार्रवाई की जा चुकी है। इस अवधि में जशपुर जिला समीपवर्ती जिला सरगुजा, बलरामपुर, रायगढ़, कोरबा एवं बिलासपुर की सीमा से बाहर रहा है। इसके उपरांत भी इसके चाल-चलन एवं अपराधिक कृत्य पर अंकुश नहीं लगा। दूसरा बदमाश दिलीप गुप्ता उम्र 40 साल पुरानी बस्ती पत्थलगांव का निवासी है, इसके विरूद्ध थाना पत्थलगांव में हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट, छेड़छाड़ करने जैसे कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इसके विरूद्ध रायगढ़ जिले के रैरूमा चौकी में भी छेड़छाड़ करने का अपराध दर्ज है। इसके विरूद्ध 05 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। दिलीप गुप्ता के चाल-चलन एवं अपराधिक कृत्य पर अंकुश नहीं लगा है। दोनों बदमाश को सुधरने का मौका दिया गया था। उक्त दोनों बदमाशों के विरूद्ध जिला कलेक्टर जशपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(ख) के तहत कार्यवाही करते दोनों बदमाशों को 27.03.2024 से 26.09.2024 कुल 06 माह तक की कालावधि के लिए निष्कासित करने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर के फरमान में स्पष्ट कहा गया है कि दोनों बदमाशों को 24 घण्टे के अन्दर जिला से बाहर जाना होगा। इस दौरान बदमाशों पर पुलिस की सतत निगरानी रहेगी।



जीर्ण शीर्ण बेने डैम के पुलिया करते निरीक्षण करते कलेक्टर।

# कलेक्टर ने चटकपुर के बेने डैम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने चटकपुर स्थित बेने डैम का निरीक्षण किया किया। उन्होंने डैम में पानी की उपलब्धता, सिंचाई क्षेत्र सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। जल संसाधन एसडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि बेने डैम से लगभग 12 गांव लाभान्वित होता है। रबी एवं खरीफ सीजन में पानी का सप्लाई किया जाता है। कलेक्टर ने नहर के जीर्णोद्धार कार्य, नहर को सीमेंट कंक्रीटीकरण करने के निर्देश दिए तथा प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति लेकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम नन्द पाण्डेय कुनकुरी, जल संसाधन विभाग के एसडीओ रूपेश कुमार कश्यप, डिप्टी कलेक्टर हरि ओम द्विवेदी, तहसीलदार मुखदेव प्रसाद यादव, जल संसाधन विभाग के उप अभियंता अखिलेश सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जबरदस्ती करना पड़ा महंगा, प्रेमिका ने फांसी लगाकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

- नाबालिग सहेली से भी कर रहा था दुष्कर्म का प्रयास, गुस्से में लगा दी फांसी



प्रेमिका के सामने उसकी नाबालिग सहेली से जबरन दुष्कर्म का प्रयास एक युवक को महंगा पड़ गया। प्रेमिका से जबरजस्ती कर रहे युवक ने जब नाबालिग युवती से जबरजस्ती करने की कोशिश की तो दोनों ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। युवक जब मना करने के बाद भी नहीं माना तो दोनों ने मिलकर युवक को फांसी पर लटका दिया और जब उसकी सांसें थम गई तो शव को कमरे के बाहर फेंक दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो युवतियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। बता दें कि 26 मार्च को थाना अंतर्गत पुटसूरा हाल मुकाम मरियमपारा वार्ड क्रमांक 2 निवासी युवक 19 वर्षीय वीरेंद्र यादव का शव वार्ड क्रमांक 33 में अरिश्मा नामक युवती के कमरे के बाउंड्री के बाहर मिला था। गांव के युवक ने वीरेंद्र का शव मिलने की जानकारी उसकी बहन को दी थी जिसके बाद मृतक की बहन घटना स्थल पर पहुंची थी। घटना स्थल पर वीरेंद्र यादव मृत पड़ा हुआ था जबकि उसके मोबाइल फोन को अरिश्मा पकड़कर खड़ी थी। जब उसने अपने भाई के बारे में पूछताछ की तो युवती ने बताया कि मृतक वीरेंद्र यादव से उसका प्रेम संबंध था और युवती के साथ ही उसकी सहेली से जबरन दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था ऐसे में उन्होंने फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी। मृतक की बहन द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने मामले की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए थे। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही नाबालिग समेत दोनों युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। एएसपी निमेश कुमार बरैया एवं एसडीओपी जितेन्द्र खुंटे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा जब संदेही युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो चौकाने वाला खुलासा हुआ। आरोपी युवती अरिश्मा ने पुलिस को बताया कि वह बलरामपुर में रहकर अपनी स्वाध्यायी के रूप में पढ़ाई करती है और उसका मृतक के साथ लम्बे समय से प्रेम संबंध चल रहा था। इस दौरान मृतक ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया था। 26 मार्च को भी मृतक उसके कमरे में पहुंच गया और वह अरिश्मा के साथ ही उसकी नाबालिग सहेली के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इस बात से अरिश्मा नाराज हो गई क्यों कि मृतक वीरेंद्र पहले से ही उसके साथ अवैध संबंध बना रहा था और अब उसके नाबालिग सहेली से भी दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था।

### फंदा बनाकर लगाई फांसी

आरोपी युवती ने पुलिस को बताया कि दोनों के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास कर रहे युवक को समझाने के बाद भी जब वह नहीं माना तो गुस्से में आकर दोनों सहेलियों ने मिलकर घर में पड़े नायलोन की रस्सी का फंदा बनाया और फिर कमरे में शीट में लगे लोहे के पाइप से रस्सी को फंसाकर खींच दिया। फांसी लगने के कारण युवक की दम घुटने से मौत हो गई। युवक की मौत होने के बाद दोनों ने मिलकर शव को कमरे के बाहर रख दिया और घर के अंदर चली गई। पुलिस ने धारा 302, 34 के तहत नाबालिग समेत दोनों आरोपिया को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उनके पास से घटना में प्रयुक्त नायलॉन की रस्सी को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, एसआई कृनेश्वर प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक शीपक रंजन शर्मा, प्रीति साहू, आरक्षक महेन्द्र गुप्ता, शैलेन्द्र तिवारी, शैलेश सिंह, अशोक तिकी, गजेन्द्र भगत, कृष्णा हालदार, महिला आरक्षक माधुरी कुजूर, रमकल मार्को, सावित्री सोन्हा, सरोज बेक, सायबर सेल आरक्षक राजकमल सैनी, मंगल सिंह, शान्त भगत सक्रिय रहे।

# शत-प्रतिशत मतदान कराने किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर




मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल स्व सहायता समूह की सदस्य।

- जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में फरसाबहार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान समूह की महिलाओं ने गीतों व स्लोगनों के जरिए लोगों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु सन्देश दिया। हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां में देश का भाग्य विधाता बने आप मतदाता, सबसे बड़ा दान मतदान, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना जैसी स्लोगन के साथ महिलाओं ने जागरूकता का सन्देश दिया। इसी तरह नगर पंचायत कुनकुरी के महागिरजा परिसर में भी मतदाता जागरूकता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे इस चुनाव का पर्व में शत-प्रतिशत भागीदारी के साथ ही देश का गर्व बन सके।

# वनांचल क्षेत्र कादोपानी में मतदाता जागरूकता



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते स्कूली बच्चे।

**जशपुरनगर।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशन में ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार नोडल अधिकारी स्वीप के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप 'जश- प्रण ' के तहत मनोरा विकासखंड के पहाड़ी कोरवा ग्राम-कादोपानी, ग्राम पंचायत-करादारी में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम कादोपानी में विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) की जनसंख्या 285 है एवं मतदाताओं की संख्या 120 है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मतदान के मौलिक अधिकार एवं मतदान क्यो आवश्यक है इसके बारे में उपस्थित ग्रामीण जनों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अपने मताधिकार के प्रयोग के संदर्भ में संकल्प भी कराया गया। कार्यक्रम संपादन में संकुल समन्वयक तिगरा महेन्द्रनाथ सिंह, शिक्षक शिवलाल राम निराला का विशेष सहयोग रहा। जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणजनों में पूसा, सुकरी, महिमा, कमली, अंजली, आरती, परदेसी, सोमरा, विनोद, मोहना, मंगलू, जगदेव, उमेश, मंगरा, सुमंती, सुनिया, संझीयो, नमिता, तोकलो एवं कुलु की उपस्थिति रही। ग्रामीणों के द्वारा गांव के अन्य मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे इसके लिए आश्वस्त किया गया।

## बुढ़ापे का सहारा बनाने युवक को लिया गोद, कर दी मां की हत्या



**सीतापुर।** बुढ़ापे का सहारा समझकर जिसे बेटे को महिला ने गोद लिया था उसने ही मां की हत्या कर दी। पत्नी के साथ चरित्र शंका को लेकर हुए विवाद में बीच बचाव करने आए बुजुर्ग माता पिता पर भी युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्धा को उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा आरा निवासी मोतो बाई व कमल भगत की कोई संतान नहीं थी। ऐसे में राम प्रसाद भगत आ. रोगो को गोद लिया था और अपने बुढ़ापे का सहारा समझकर पाल रहे थे। युवक अपनी पत्नी सबीना टोप्पो, मोतो बाई, कमल भगत के साथ रहता था लेकिन युवक को अपनी पत्नी के चरित्र पर शन्देह था ऐसे में दोनों के बीच आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था। 14 मार्च की रात भी सभी लोग घर के अंदर मौजूद थे और सबीना टोप्पो घर के आंगन में थी। इस दौरान आरोपी राम प्रसाद भगत पत्नी से पुरानी बातों को लेकर विवाद करने लगा कर बांस के डंडे से पत्नी पर हमला कर दिया। इस दौरान युवक ने पत्नी के सिर व व पीठ पर हमला किया। मारपीट होता देख मां मोतो बाई और पिता कमल भगत बीच बचाव करने पहुंचे तो युवक ने उनपर भी हमला कर दिया और दोनों की बेदम पिटाई कर दी। इस बीच दहशत में आकर सबीना भाग निकली। इधर घटना के बाद घायल बुजुर्ग दम्पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां गंभीर चोट के कारण 23 मार्च को महिला मोतो बाई की मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले में धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। आज पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना सीतापुर से आरक्षक रूपेश महंत, संजय एक्का, धनकेश्वर यादव, पंकज देवांगन आदि सक्रिय रहे।

## एसडीएम ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम।

**जशपुरनगर।** कुनकुरी एसडीएम एवं एआरओ रायगढ़ संसदीय क्षेत्र नन्द पाण्डेय ने कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के समस्त राजस्व अधिकारियों एवं विभिन्न ब्लाक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं, पिछले चुनाव में आये दिक्कतों का निराकरण, सेक्टर अधिकारियो से समन्वय, इव्हीएम मैनेजमेंट, पोलिंग दल के प्रशिक्षण, सुचारू एवं शांतिपूर्ण चुनाव का संपादन करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जिला पंचायत के सभाकक्ष में शार्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



सभाकक्ष का जला एसी।

जिला पंचायत सभाकक्ष में आग लगने की घटना सामने आई है। बीती रात लगी आग से सभाकक्ष में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कुर्सी टेबल को नुकसान पहुंचा है। कमरे में लगी एसी में शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

हैरानी की बात तो यह है कि कक्ष में रात को आग लगी लेकिन इसकी भनक किसी को नहीं लग पाई। आज सुबह जब कर्मचारी ने सफाई करने के लिए कमरा खोला तो उसके होश उड़ गए। बता दें कि जिला पंचायत परिसर में सभाकक्ष मौजूद है। इस सभाकक्ष में जिला पंचायत की बैठकों के साथ ही जिला प्रशासन की विभिन्न बैठक, प्रशिक्षण आयोजित होते है। बीती रात कार्यालय बंद होने के बाद अधिकारी कर्मचारी घर चले गए थे। आज सुबह जब कार्यालय खुलने पर कर्मचारी सफाई करने के लिए सभाकक्ष में पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। सभाकक्ष में चारों तरफ आग का धुंआ भरा हुआ था और राख बिखरी हुई थी। ऐसे में उसने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। जिपं सभाकक्ष में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। अब तक की जानकारी में यह बात सामने आई है कि कमरे में लगे एसी में शार्ट सर्किट से आग लगी है और सम्भवतः आग के कारण एसी का कम्प्रेसर फट गया। आग के कारण कक्ष में लगे प्रोजेक्टर, अन्य उपकरण, सोफा, कुर्सी टेबल व दूसरे कमरे में रखे सोफा कुर्सियों को नुकसान पहुंचा है। बड़ी बात यह है कि चुनाव के दौरान इस सभाकक्ष का उपयोग प्रशिक्षण व अन्य कार्यों के लिए किया जाता है लेकिन अब आगजनी की घटना के बाद इस सभाकक्ष का उपयोग फिलहाल संभव नहीं है। इसके साथ ही गनीमत रही कि आग सिर्फ एक कमरे तक ही सिमट कर रह गई अन्यथा आग के फैलने पर अन्य कमरे भी चपेट में आ जाते और सभाकक्ष से लगे कमरों में विभागीय फाइलें मौजूद है।


## पुलिस ने चार पहिया वाहनों से उतरवाया ब्लैक फिल्म
## यातायात नियमों की अवहेलना पर 60 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत अब चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले दिन पुलिस द्वारा 2 प्रकरणों में 4 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया है। इसके साथ ही कुल पांच मामलों में 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर सरगुजा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत अब पुलिस द्वारा चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यातायात विभाग द्वारा जांच के दौरान दो वाहनों के ब्लैक फिल्म उतरवाने के साथ ही उनपर चार हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी घूमने के मामले में दो प्रकरण दर्ज कर 10 हजार रुपए का समन वसूल किया गया है। जबकि लापरवाहीपूर्वक वाहन वाहन चलाने के मामले में 5 प्रकरण दर्ज कर 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया जबकि अन्य विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 64 प्रकरण दर्ज कर कुल 60 हजार 350 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वूल्वरिन की भूमिका दोहराने के लिए ह्यू जैकमैन ने की कड़ी मेहनत



ह्यू जैकमैन ने 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए जमकर पसीना बहाया है। 55 साल के सुपरस्टार का वर्कआउट वीडियो एमसीयू फैंस को उत्साहित कर रहा है। ह्यू जैकमैन ने अपना वर्कआउट रूटीन साझा कर फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया है। ह्यू 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने की तैयारी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए थ्रोबैक वीडियो में, 55 साल के अभिनेता ने अपने प्रभावशाली बाइसेप्स को फ्लॉन्ट किया। पिछले साल लिया गया फुटेज, मस्कुलर और क्लासिक एक्स-मेन दिखने के लिए जैकमैन के समर्पण को दर्शाता है। ह्यू को अपने ट्रेनर बेथ लुईस के मार्गदर्शन में खुद को आगे बढ़ाते देखा गया। वीडियो में लुईस के प्यारे साथी एंडी को भी दिखाया गया है, जो हॉलीवुड स्टार को बाइसेप्स एक्सरसाइज पूरा करने के लिए मजाकिया अंदाज में प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। 'डेडपूल 3' में जैकमैन के साथ रयान रेनॉल्ड्स मुख्य भूमिका में हैं। इसका फिल्मांकन जनवरी में समाप्त हो गया और फैंस को पिछले महीने के सुपर बाउल के दौरान पहला ट्रेलर देखने को मिला। वीडियो में, दर्शक द ग्रेटेस्ट शोमैन स्टार को वजन उठाते हुए देखकर उनके मुरीद हो गए हैं। एक फैन ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, 'जब भी आप ये वीडियो पोस्ट करते हैं तो इससे मुझे अपने प्रशिक्षण को जारी रखने के लिए प्रेरणा मिलती है।

### टॉलीवुड

## 'मिस्टर बच्चन' बन धमाल मचाने को तैयार रवि तेजा



साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों हरीश शंकर के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का नया शेड्यूल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 मार्च को शुरू हुआ। फिल्म के सेट पर रवि तेजा ने शूटिंग शुरू की। वहीं अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है और साथ ही इसकी रिलीज की तारीख को लेकर भी नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। 'मिस्टर बच्चन' की टीम फिल्म के नए शेड्यूल को जल्द से जल्द खत्म करने के विचार में है। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को जून तक पूरा करने की योजना बनाई है। वहीं, निर्माता 'मिस्टर बच्चन' को इस साल जुलाई में रिलीज करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। लखनऊ में शुरू हुई शूटिंग का लक्ष्य इस अवधि के दौरान फिल्म का आधा हिस्सा पूरा करना है। इससे पहले रवि तेजा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शूटिंग से छोटा ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद अब रवि तेजा शूटिंग सेट पर वापस आ चुके हैं। वहीं बात करें फिल्म की तो 'मिस्टर बच्चन' को अजय देवगन की लोकप्रिय हिंदी फिल्म 'रेड' का आधिकारिक रीमेक माना जा रहा है। फिल्म में रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं फिल्म में अभिनेता के अवतार को लेकर भी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के नाम की तरह ही रवि का लुक होगा यानी फिल्म में रवि तेजा का लुक बॉलीवुड के बिग बी से प्रेरित है और इसमें अमिताभ बच्चन के जीवन के युवा दिनों का लुक दिखाया जाएगा। वहीं बात करें रवि के वर्कफ्रंट की तो अभिनेता को आखिरी बार एक्शन से भरपूर थ्रिलर 'ईगल' में एक क्रूर हत्यारे की भूमिका में देखा गया था। वहीं अब फैंस बेसब्री से 'मिस्टर बच्चन' से जुड़ी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' आज से दर्शकों के लिए अनूठी प्रेम कहानी



खुश्बू फिल्म्स वल्ड के बेनर तले बनी एवं खुश्बू जायसवाल द्वारा निर्मित तथा राजा खान द्वारा लिखित व निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' 29 मार्च से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रदर्शित होने जा रही है। राजा खान ने बताया कि अब तक छत्तीसगढ में बनी सभी फिल्मों से हटकर ये एक अनोखी प्रेम कहानी है। छॉलीवुड के चाकलेटी हिरो आकाश सोनी एवं यास्मीन जायसवाल द्वारा अभिनित इस फिल्म के गाने यू ट्यूब चैनल पर धूम मचा रहे हैं। डॉ. खुश्बू जयसवाल ने बताया कि फिल्म में रानू वर्मा,संजय जैन, पवन मानिकपूरी और रिंकू राजा ने महती भूमिका निभाई है। हालांकि यास्मीन जायसवाल की ये पहली फिल्म है लेकिन उन्होंने अपनी इस पहली ही फिल्म में बहुत ही उम्दा रोल किया है। वहीं इसमें रिंकू राजा ने इंस्पेक्टर का बहुत ही जबर्दस्त रोल किया है। इस फिल्म के लेखक राजा खान है और पहली बार वे कोरियोग्राफी भी की है। जा खान द्वारा निर्देशित ये दूसरी फिल्म है जो प्रदर्शित होने जा रही है, इससे पहले उनकी बहुचर्चित फिल्म घरौदा प्रदर्षित हो चुकी है, जो शुद्ध पारिवारिक, कमेडी और एक बहुत ही अच्छी संदेशप्रद कहानी थी, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया था। राजा खान ने घरौदा में एक और प्रयोग करते हुए छॉलीवुड के चरित्र अभिनेता शमशीर सिवानी से जबर्दस्त कॉमेडी करवाया था जो छॉलीवुड में बेहद ही चर्चा का विषय बना था। इस फिल्म के गीतकार ओमप्रकाश यादव, लक्ष्मण सियाराम, विनोद बोरकर, राहुल डडसेना, सुभाष यादव, संगीतकार ओमप्रकाश यादव, कोरियोग्राफर राजा खान, संजू तांडी, एनटीआर है जबकि गीतों को अपने मधुर और सुरीली आवाज से संजोया है छॉलीवुड के सुपर गायक सुनील सोनी, ओमप्रकाश यादव, अनुराग शर्मा, अनुपमा मिश्रा ने। इसके फाईट मास्टर टार्जन है।


### कोरियन जादू

### लाइफ स्टाइल



स्ट्रे किड्स के कोरियन पॉप सुपरस्टार फेलिक्स ने लुई वुइटन फॉल विंटर 2024 शो में सबको चौंका दिया। लक्जरी फैशन हाउस के राजदूत इस 23 वर्षीय रैपर ने पेरिस फैशन वीक के दौरान 'स्क्विड गेम' ब्रेकआउट जंग होयोन के साथ शो के समापन का नेतृत्व किया। फेलिक्स और जंग होयोन पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में लुई वुइटन वूमेन्सवियर शो के दौरान रनवे पर चले।

## चेहरे को सिर्फ धोना काफी नहीं, निखार के लिए इन तरीकों को भी अपनाएं



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे अपने चेहरे और त्वचा से प्यार ना हो लेकिन सर्दी का मौसम त्वचा का निखार कम देता है। सर्दी के इस मौसम में रूखी-सूखी त्वचा से हर कोई परेशान रहता है। इसके लिए लोग कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, ताकि त्वचा का ग्लो बरकरार रहे। इन सभी प्रोडक्ट का इस्तेमाल साफ चेहरे पर ही किया जाता है। ऐसे में आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा, कि दिन में कम से कम दो बार चेहरा धोना जरूरी होता है।

ये बात सच भी है लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ चेहरा धोने से आप स्किन केयर नहीं कर सकते। इसके लिए आपको कई स्टेप्स फॉलो करने चाहिए। इन तरीकों के बारे में बहुत से लोगों को नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे स्किन केयर स्टेप्स बताएंगे, जिसका फॉलो करना बेहद ही आसान है और इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

**मेकअप को करें साफः** कहीं भी बाहर से आने के बाद आपका पहला काम मेकअप रिमूव करना होना चाहिए।। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो इससे आपके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

**करें डबल क्लींजिंगः** हर किसी को चेहरे की डबल क्लींजिंग ही करनी चाहिए। इसके लिए पहले ऑयल बेस्ड क्लींजर का उपयोग करना है और उसके बाद एक वॉटर बेस्ड क्लींजर का।

**एक्सफोलिएशन का रखें ध्यानः**

चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए आप रोज स्किन को एक्सफोलिएट जरूर करें। इससे चेहरे के पोर्स सही तरह से खुल जाएंगे।

**सीरम करें इस्तेमालः** चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों को साफ करने के लिए फेस सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। इसे हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से ही खरीदें।

**आई केयरः** अपने पूरे चेहरे का ध्यान रखने के दौरान आंखों को भूलें नहीं। इसके लिए आपको बस अंडर आई मास्क का इस्तेमाल करना है। इससे आंखों के नीचे होने वाले काले घेरों से छुटकारा मिलेगा।

**चेहरे के हाइड्रेशन का रखें ध्यानः** मौसम बदलने के साथ-साथ आपको अपने चेहरे के हाइड्रेशन का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इसके लिए चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें।

## इफ्तार पार्टी में होना है शामिल तो पहनकर जाएं इस तरह के सूट



फैशन

रमजान के पाक महीने की शुरुआत हो चुकी है। इस पूरे महीने लोग अल्लाह से अपने और अपने परिवारवालों के लिए दुआ मांगते हैं। इसके साथ ही वो सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करते हैं। इस पूरे महीने लोग रोजा भी रखते हैं, जो हर किसी के लिए काफी अहम होता है।



रोजे के दौरान सुबह सूरज निकलने से पहले सहरी खाकर इबादतों का सिलसिला शुरू होता है। इसके साथ ही सूरज ढलने के बाद रोजा खोल लिया जाता है। रोजा खोलने के लिए कई जगहों पर इफ्तार की दावत का आयोजन किया जाता है। इफ्तार की दावत बहुत से लोग अपने घरों में भी आयोजित करते हैं।

अगर आप भी कहीं इफ्तार की दावत में जाने वाली हैं, लेकिन कपड़ों को लेकर संशय में हैं कि क्या पहनकर जाना उचित होगा तो हम आपको कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जो आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।



**लाल अनारकलीः**


ऐसा लाल शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कमाल का लगेगा। इसके साथ आप चाहें तो हील्स भी कैरी कर सकती हैं। खुले बाल आपके इस लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे।

**डीपनेक अनारकलीः** अगर ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो इस तरह का डीपनेक अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसे बनवाते वक्त ध्यान रखें, कि इसमें घेर अच्छा खासा होना चाहिए।

**गुलाबी कॉटन सूटः** अगर चाहें तो ऐसा गुलाबी रंग का चिकनकारी सूती सूट आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। ऐसा सूट गर्मी के इस मौसम में काफी सही रहता है। इसे पहनकर आप और खूबसूरत दिखेंगी।

**फ्लोरल प्लाजोः** गर्मी का मौसम आ गया है। ऐसे में आप चाहें तो ऐसा फ्लोरल वर्क वाला कुर्ता और प्लाजो पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं। इसके साथ अगर आप नोज रिंग पहनेंगी, तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। अगर आपके पास कोई सिल्क की पुरानी साड़ी रखी है, तो आप उसकी मदद से सिल्क का अनारकली सूट तैयार करा सकती हैं।

## सोने और चांदी की ज्वेलरी जितनी ही खूबसूरत दिखती है ब्रास ज्वेलरी, जाने रख-रखाव का तरीका



ब्रास की ज्वेलरी की डिजाइंस और उसके रखरखाव के तरीकों को जानने के लिए आप एक्सपर्ट द्वारा दी गई जानकारी इस आर्टिकल में पढ़ सकती हैं। महिलाओं के श्रृंगार को तब तक अधूरा माना जाता है, जब तक वह ज्वेलरी न कैरी करें। वैसे तो भारतीय महिलाओं की पहली पसंद गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी है, मगर आजकल मॉडर्न और फैशनेबल ज्वेलरी का फैशन है। गोल्ड या सिल्वर की ट्रेडिशनल ज्वेलरी को रोज पहने जाने वाले कपड़ों के साथ नहीं पहना जा सकता है। बहुत सी महिलाओं को तो रोज ज्वेलरी बदल-बदल कर पहनने का शौक होता है। ऐसे में बाजार में आपको इमिटेशन ज्वेलरी में बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आजकल तो रोमन कल्चर में लोकप्रिय टाइटेनियम स्टील से बनी ज्वेलरी का फैशन चल रहा है। इसके अलावा मार्केट में आ रही ब्रास ज्वेलरी भी महिलाओं के बीच बहुत ज्यादा प्रचलित हो रही है।

ब्रास ज्वेलरी के साथ प्लस प्वॉइंट यह है कि इस पर गोल्ड या सिल्वर की पॉलिश चढ़ जाए, तो यह बहुत ही एक्सपेंसिव लुक देती है। अच्छी बात तो यह है कि पॉकेट फ्रेंडली होने के साथ ही आपको ब्रास ज्वेलरी में बहुत अच्छे डिजाइंस मिल जाएंगे। इस ज्वेलरी के बारे में हमने खास बातचीत की गार्गी बाय पीएन गाडगिल एंड सन के को-फाउंडर आदित्य मोदक से। आदित्य बताते हैं, 'ब्रास ज्वेलरी एलोय को मिक्स करके बनाई जाती है, इसलिए यह सोने-चांदी की ज्वेलरी की तरह डेलिकेट नहीं होती है। आप इसे लंबे समय तक कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको ट्रेडिशनल और मॉडर्न, दोनों तरह की ज्वेलरी मिल जाएगी।' इतना ही नहीं, आदित्य से हमने ब्रास ज्वेलरी से जुड़ी और भी कई रोचक बातें जानी हैं, जो हम इस आर्टिकल में आपको बताने जा रहे हैं।

## लाल रंग की चूड़ी के ये सेट हैं नए, देखें डिजाइंस और बढ़ाएं हाथों की खूबसूरती

हाथों की खूबसूरती को दोगुना करने के लिए आप रंग-बिरंग चूड़ियों को लाल रंग के कंगन के साथ भी पहन सकती हैं।

हम सभी ट्रेडिशनल लुक के साथ तरह-तरह के चूड़ी के सेट बनाकर पहनते हैं। वहीं सुहागने ज्यादातर लाल रंग की चूड़ियां पहनना पसंद करती हैं। हालांकि चूड़ियों को इंडो-वेस्टर्न और कईवेस्टर्न लुक्स के साथ भी स्टाइल किया जाने लगा है।

लाल रंग में आपको कई डिजाइन वाली चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी, जिन्हें आप कई तरीके से हाथों में पहन सकते हैं और हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लाल रंग की चूड़ियों के कुछ नए सेट और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान तरीके-



### लाल-हरी चूड़ी सेट

हरे के साथ ज्यादातर लाल रंग की ही चूड़ियां पहनी जाती है। इसमें आप बारीक चमकीली वाली चूड़ी खरीद सकती हैं। इस तरह की चूड़ी रोजाना से लेकर किसी पार्टी लुक के लिए भी पहनी जा सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के बीच में चौड़े डिजाइन का कंगन भी पहन सकती हैं।

### गोल्डन कंगन के साथ लाल चूड़ी सेट

गोल्डन कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। इसमें आप लाल रंग की चूड़ियों के साथ गोल्डन कलर के कंगन का सेट बनाकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन के साथ पर्ल डिजाइन की पतली चूड़ियां भी बेस्ट लुक देने में मदद करेगी।

### लाल-पीली चूड़ी सेट

लाल के साथ पीले रंग का कलर कॉम्बिनेशन बेस्ट नजर आता है। इस तरह की लाल-पीली चूड़ियों के साथ में आप हरे रंग या पिंक कलर को भी शामिल कर सकती हैं। यह चूड़ी सेट हर कलर के कपड़ों के साथ आसानी से मैच भी करता है।

### कार्नर न्यूज

### बालों को पीछे करने के अलावा भी जानिए और टिप्स

## स्लिक हेयर बैक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी, स्टेप बाय स्टेप ये टिप्स आएंगे काम

स्लिक हेयर बैक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही। इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नहीं ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। स्लिक हेयर बैक के लिए क्या-क्या करना होगा जानिए- बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं।



बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।

इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं।


अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे।

बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी।

अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।





अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

अब बालों में कंघे का इस्तेमाल करें। इसे फॉरहेड से पीछे की ओर ले जाएं। आप चाहें तो इन्हें ब्लो ड्राय कर सकते हैं। लेकिन बालों में बार-बार हाथ न लगाएं।

29 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/29/2024 8:01 PM Page 1





# कपिल शर्मा को मिला लग्जरी घर, एयरपोर्ट और कप्पू कैफे

**मुंबई।** जब से कपिल शर्मा के शो का नया सीजन अनाउंस हुआ है, तब से फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। न सिर्फ नए सीजन का नाम बदला है, बल्कि कपिल शर्मा का घर और पता भी बदल गया है। अब शो का नाम 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' है, जो 30 मार्च से रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। कपिल शर्मा का नया घर बेहद खूबसूरत है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सेट पिछले सीजन के सेट के मुकाबले काफी आलीशान और लग्जरी वाला है। इसमें एयरपोर्ट से लेकर वेटिंग लाउंज और यहां तक कि कप्पू का स्पेशल कैफे है। कपिल शर्मा ने जब 2013 में अपने शो की शुरुआत 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' से की थी, तो शो में उनके परिवार को मिडल क्लास दिखाया गया था।

## लाइफ Style



# प्रियामणि

## अजय-शाहरुख आंखों से करते हैं बातें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'मैदान' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में अजय देवगन के साथ प्रियामणि मुख्य भूमिका में हैं। प्रियामणि इडंस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई अभिनेताओं के साथ काम किया है। ऐसे में अभिनेत्री ने हाल ही में अजय देवगन और शाहरुख खान के साथ काम करने पर खुलकर बात की।

प्रियामणि इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'आर्टिकल 370' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इसके बाद वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म मैदान की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने अजय देवगन की खूब तारीफ की। अभिनेत्री ने कहा, 'अजय देवगन बहुत अच्छे हैं। वह पूरी तरह से अलग हैं। वह इतने शानदार अभिनेता हैं कि वह अपनी आंखों से बहुत कुछ कह जाते हैं। मुझे अब भी वह समय याद है जब हमने साथ में शूटिंग की थी।' उन्होंने आगे कहा, 'जब भी हमने इमोशनल सीन शूट किए, मुझे याद है कि उनमें ज्यादा डायलॉग नहीं थे। फिर भी उन्हें बोलना नहीं पड़ता। उनकी आंखे, उनकी बॉडी लैंग्वेज और उनके एक्सप्रेशन बहुत कुछ कहते हैं। मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने रहीम साहब को जीवंत किया है, वह शानदार है।' प्रियामणि ने पिछले साल फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान के साथ स्क्रीन साझा की थी। उनसे जवान में किंग खान के साथ काम करने के बारे में पूछा गया। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'वह अपनी आंखों से भी एक्सप्रेसिव हैं। वे इसे बहुत ही अलग तरीके से व्यक्त करते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# मिसकैरेज पर किया खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे, जो अपनी आगामी रिलीज 'द आइडिया ऑफ यू' के लिए आलोचकों की तारीफ का लुफ्त उठा रही हैं, वह कई पर्सनल और प्रोफेशनल उतार-चढ़ाव से गुजरी चुकी हैं। इसका खुलासा एक इंटरव्यू में किया। ऐनी ने क इंटरव्यू में अपने संघर्षों के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने अपने जीवन के उस कठिन दौर के बारे में भी विस्तार से बताया जब उनका गर्भपात हो गया था। ऐनी ने 2019 में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था।



# डिकैप्रियो की गर्लफ्रेंड संग वायरल हुई तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपने पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले काफी समय से एक्टर का नाम मॉडल विटोरिया सेरेटी के साथ जुड़ रहा है। दोनों काफी समय से डेट कर रहे हैं। अब इस कपल को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है कि, दोनों ने सगाई कर ली है। ये चर्चा तब शुरू हुई तब विटोरिया सेरेटी की इंगेजमेंट फिंगर में रिंग नजर आई। लियोनार्डो डिकैप्रियो का नाम अब तक कई एक्ट्रेसेज से जुड़ चुका है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह विटोरिया सेरेटी को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई बार एक साथ पार्टी करते भी देखा गया है। अब गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस कपल की नई तस्वीरों ने फैंस को हैरान कर दिया है। लियोनार्डो और विटोरिया को लॉस एंजिल्स में एक मैक्सिकन रेस्तरां में देखा गया। इन तस्वीरों में जिस चीज ने ध्यान खींचा वो थी डायमंड रिंग।



# शादी के शोर के बीच दिखाई रिंग...

**मुंबई।** एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपनी शादी की खबरों के बीच फाइनली चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बता दिया है कि उनकी और सिद्धार्थ की शादी नहीं बल्कि सगाई हुई है। एक्ट्रेस ने गुरुवार को सिद्धार्थ के साथ एक फोटो शेयर की है और कैप्शन में उन्होंने साफ किया कि उनकी सगाई हो चुकी है। दोनों ने अपनी अंगूठियां भी फ्लॉन्ट कीं। अदिति ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'उन्होंने हां कहा!' इंगेज्ड।' उन्होंने बैकग्राउंड में सिद्धार्थ की 'चिट्ठा' के गाने का भी इस्तेमाल किया। इससे पहले, बुधवार से खबरें आ रही थीं कि अदिति और सिद्धार्थ ने 27 मार्च को तेलंगाना के एक मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी कर ली है, जो कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं। रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया कि यह समारोह श्रीरंगपुर के श्री रंगनायकस्वामी मंदिर मंडपम में आयोजित किया गया था।



# 'द गोट लाइफ' पर लुटाया प्यार

**मुंबई।** पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आदुजीविथम' उर्फ 'द गोट लाइफ' आखिरकार आज 28 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म के ट्रेलर को साउथ सुपरस्टार प्रभास ने खूब सराहा था। अब उन्होंने के बार फिर पृथ्वीराज सुकुमारन को फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं और अपना प्यार व्यक्त किया। इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रभास ने 'द गोट लाइफ' का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'चमकते रहो पृथ्वीराज सुकुमारन मैंने आपका समर्पण प्रत्यक्ष रूप से देखा है और मुझे पता है कि आपने इस फिल्म पर कितनी मेहनत की है। यहां और भी बहुत कुछ है, आगे जीत के हकदार हैं। इससे पहले पृथ्वीराज सुकुमारन को प्रभास के साथ 'सालार पार्ट वनः सीजफायर' में देखा गया था।

# विक्रांत की 'द साबरमती रिपोर्ट' का टीजर रिलीज

*मुंबई। '12वीं फेल' से जलवा दिखाने वाले विक्रांत मैसी अब एक और फिल्म के साथ हाजिर हैं 'द साबरमती रिपोर्ट', जिसकी काफी दिनों से चर्चा थी। इस फिल्म में गोधरा अग्निकांड की कहानी दिखाई जाएगी। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने इसका एक वीडियो रिलीज किया था, और अब टीजर रिलीज किया है। 'द साबरमती रिपोर्ट' में मेकर्स दिल को झकझोर देने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जो 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में घटी थी। उस दिन साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बों में लगी आग में कई लोग जिंदा जल गए थे। करीब 59 लोगों की जानें चली गई थीं। उस खौफनाक घटना को 22 साल हो गए, पर वो जख्म आज भी ताजा हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर में उन चीजों की झलक दिखाई गई है, जो 22 साल से छुपे हुए थे। लेकिन इसे बाहर लाने में विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जी-जान से लगे हुए हैं।*





# बेटे के जन्म के बाद अनुष्का ने पोस्ट की पहली फोटो

**मुंबई।** एक महीने से ज्यादा समय के बाद अनुष्का शर्मा इंस्टाग्राम पर वापस आ गई हैं। एक्ट्रेस लंदन में अपने नवजात बेटे अकाय की देखभाल में व्यस्त हैं, जहां वह फिलहाल रह रही हैं। उन्होंने बेटे के जन्म के बाद पहली बार गुरुवार को अपनी एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनकी ये फोटो एक मोबाइल फोन ब्रांड का विज्ञापन है लेकिन फैंस को इससे क्या मतलब! फोटो में अनुष्का हाथ में एक स्मार्टफोन लिए नजर आ रही हैं। उन्होंने एक सफेद शर्ट और नीली जींस पहनी हुई है, छोटे बाल में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। लकड़ी की बेंच पर तकिए और कंबल बिछाकर बैठी अनुष्का अलग ही ग्लो कर रही हैं। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पोस्ट को कैप्शन दिया, 'सुबह का सूरज और मेरे #वनप्लसओपन पर कुछ पढ़ने का समय - दिन की शुरुआत करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है।'

# यशराज की स्पाई यूनिवर्स में बॉबी देओल की एंट्री

**मुंबई।** 'एनिमल' में अबरार का खूंखार किरदार निभाने वाले बॉबी देओल की झोली अब फिल्मों से भरती जा रही है। साउथ में सूर्या की 'कंगुवा' के बाद उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। बॉबी देओल की यशराज की स्पाई यूनिवर्स में एंट्री हुई है। जी हां, ताजा रिपोर्ट यह है बॉबी 'स्पाई यूनिवर्स' की अपकमिंग फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ के सामने खतरनाक विलेन बनकर खड़े होंगे। दिलचस्प है कि 'एनिमल' में बॉबी के सामने रणबीर कपूर थे और अब उनकी पत्नी आलिया से उनका सामना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, शिव रवैल के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में आलिया भट्ट महिला जासूस की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म में आलिया के साथ शरवरी वाघ भी रॉ एजेंट बनेंगी। दोनों एकसाथ एक मिशन को अंजाम देंगी।



# कलाकारों की सभी फिल्में हिट नहीं होती



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोत इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, हाल ही में उन्होंने 2024 में बीजेपी की टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने करियर पर भी खुलकर बात की है। इंटरव्यू में जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह राजनीति में इसलिए आ रही हैं, क्योंकि उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। चलिए जानते हैं उन्होंने इस सवाल का क्या जवाब दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में कंगना रनोत ने अपने कॅरियर पर बात की।

# फिल्म 'क्रू' की एडवांस बुकिंग शुरू




*मुंबई। कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' की रिलीज के लिए तैयार है। शुक्रवार को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से दर्शकों के बीच इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, इसके गाने को भी खूब पसंद किया जा रहा है। इस बीच फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिससे उम्मीद है कि फिल्म को फर्स्ट डे अच्छी ओपनिंग मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'क्रू' ने अपने एडवांस बुकिंग कलेक्शन में 4431 शो के लिए 31,126 टिकट बेचे हैं, जिससे फिल्म ने रिलीज से पहले ही लगभग 72 लाख रुपये की कमाई कर ली है। मेकर्स को उम्मीद है कि अभी आंकड़ों में और बढ़ोत्तरी हो सकती है, जिससे फर्स्ट डे फिल्म को अच्छी ओपनिंग मिल सकती है।*

# पहले झेला रिजेक्शन, अब अदाकारी से लूटते हैं वाहवाही

*मुंबई। जिंदगी में हर किसी को कभी न कभी रिजेक्शन का सामना जरूर करना पड़ता है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मौजूदा समय में कई ऐसे सितारे हैं जिनकी फैन फॉलोइंग करोड़ों में हैं। वे अपनी फिल्मों से लोगों के दिलों पर राज करते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इनमें से कुछ बड़े नाम अपने करियर के शुरुआती दौर में ऑडिशन के दौरान रिजेक्शन का सामना कर चुके हैं।*



### रणवीर सिंह

*रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, पद्मावत, सिम्बा, गली बॉय जैसी फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले रणवीर सिंह आज फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। हालांकि, शुरुआती दौर में पैर जमाने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था। एक साक्षात्कार के दौरान निर्देशक अनुराग कश्यप ने खुलासा किया था कि शैतान के ऑडिशन के दौरान रणवीर को उन्होंने रिजेक्ट कर दिया गया था।*

### आलिया भट्ट

इस लिस्ट में आलिया भट्ट का नाम भी शामिल है। गंगूबाई काठियावाड़ी, उड़ता पंजाब, राजी और गली बॉय जैसी फिल्मों में उन्होंने शानदार अभिनय से लोगों के दिल जीते हैं। हालांकि, बहुत कम ही लोगों को यह बात पता है कि वे भी ऑडिशन में रिजेक्ट हो चुकी हैं। आलिया ने कथित तौर पर 17 साल की उम्र में वेक अप सिड के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन यह फिल्म उनके हाथ नहीं लग सकी थी।





### विक्की कौशल

विक्की कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में खास मुकाम हासिल कर लिया है। फिल्म सैम बहादुर और डंकी में उनकी अदाकारी को लोगों ने खूब पसंद किया। मसान, राजी, मनमर्जियां में प्रभावशाली जैसी फिल्मों में वे अपनी एक्टिंग से लोगों को प्रभावित कर चुके हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्की ने भाग मिल्खा भाग के लिए ऑडिशन दिया था? हालांकि, राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म उन्हें नहीं मिल सकी थी।

### रणबीर कपूर

रणबीर कपूर मौजूदा समय के सबसे बड़े फिल्म सितारों में से एक हैं। उनकी फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। हर बड़े से बड़ा डायरेक्टर आज उनके साथ फिल्म बनाना चाहता है, लेकिन एक ऐसा भी समय था जब उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था। कम ही लोग जानते हैं कि रणबीर ने फिल्म द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन निर्देशक मीरा नायर ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था, क्योंकि वे उस भूमिका में फिट नहीं थे।






### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण न केवल बॉलीवुड में एक बेहतरीन कलाकार के रूप में पहचानी जाती हैं बल्कि हॉलीवुड भी उनकी बेहतरीन एक्टिंग का लोहा मान चुका है। बॉलीवुड की टॉप की अभिनेत्रियों में शुमार होने वाली दीपिका भी रिजेक्शन का दर्द झेल चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### तेलीटार में भव्य शिवालय की प्राण प्रतिष्ठा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के गायत्री मंदिर वार्ड में स्थित तेलीटार के किनारे नव निर्मित भव्य शिवालय का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन पिछले कई दिनों से लगातार जारी है। इसके लिए बीते दिनों नगर पंचायत के सैकड़ों मातृ शक्तियों द्वारा कलश स्थापना किया जाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी वहीं प्रतिदिन प्राण प्रतिष्ठा से जुडे पुजा पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अति उत्साह से जारी है। ज्ञात हो कि तेलीटार के किनारे पूर्व में शिव मंदिर था जो जीर्ण शीण हो गया था जिसके नव निर्माण के लिए उक्त मंदिर से जुडे श्रद्धालुओं की मंशा पिछले कई सालों से थी जो अब पूर्ण हो चुकी है। ऐसे स्थिति में इनमें एक नई उल्लास और भक्तिमय वातावरण निर्मित हुई है जिसका श्रेय ये अपने आराध्य भगवान शिव को देते हुए मन ही मन आदोलित हो रहे हैं।

### बाइक पर शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** भूपदेवपुर पुलिस द्वारा ग्राम कांशीचुआ बस्ती चौक के पास मुखबीर सूचना पर बिना नम्बर मोटर सायकल सुजुकी हयाते पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी दिनेश साहू पिता कंचन प्रसाद साहू उम्र 35 वर्ष निवासी कांशीचुआ थाना भूपदेवपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से 09 लीटर महुआ शराब और अवैध परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल की जब्ती की गई है। आरोपी दिनेश साहू के कृत्य पर थाना भूपदेवपुर में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया है। थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व पर शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शंभू पाण्डेय, आरक्षक बोधराम सिदार, विजय कुमार पटेल, कृष्ण कुमार वारेन और महिला आरक्षक गौरी सिदार शामिल थे।

### विद्या भारती की वार्षिक परीक्षाएं 1 अप्रैल से

**रायगढ़।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में बोर्ड को छोड़कर सभी कक्षाओं की परीक्षाएं 1 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। कक्षा पहली से पांचवीं तक की परीक्षाएं 2 से 22 अप्रैल, छठवीं से आठवीं तक 1 से 22 और कक्षा 9वीं 11वीं की परीक्षाएं 1 से 18 अप्रैल तक चलेंगी। परीक्षाओं का समय सुबह 8 बजे से रहेगा। शहर के सशिमं में इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। सशिसं के सभी अधिकारियों ने बच्चों शुभकामनाएं दी हैं।

### दो नाबालिगों को ट्रैफिक नियम सीखने की सजा

**रायगढ़।** किशोर न्याय बोर्ड जिला रायगढ़ के प्रधान मजिस्ट्रेट द्वारा सड़क दुर्घटना के दो मामले में आरोपित विधि के संघर्षरत बालकों को 7 दिनों तक दो दो घंटे यातायात नियमों की जानकारी लेने और यातायात नियमों का पालन कराते हुए सेवा लेने का दंड दिया गया है। आरोपित एक बालक थाना सरिया, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं दूसरा बालक थाना भूपदेवपुर क्षेत्र का रहने वाला है।

### ड्रोन कैमरे से हो रही निगरानी

# जंगल में मौजूद 72 हाथियों के दल ने चौपट की दो दर्जन किसानों की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के जंगली इलाकों में इन दिनों 72 हाथियों का दल अलग अलग विचरण कर रहा है। भोजन और पानी की तलाश में प्रतिदिन हाथियों का दल ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में बीती रात हाथियों ने 19 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। गर्मी शुरू होते ही रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले गजराजों का आतंक शुरू हो जाता है। भ

ोजन और पानी की तलाश में भटकते भटकते गजराजों का दल अक्सर गांव पहुंचकर ग्रामीणों की फसलों व घरों को नुकसान पहुंचाकर वापस जंगलों की ओर लौट जाते है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों जहां 58 हाथी अलग अलग रेंज में विचरण कर रहे हैं। जिसमें कापू रेंज के मिरीगुडा में सर्वाधिक 33 हाथी विचरण कर रहे हैं लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल के अलग अलग रेंज में 14 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसमें घरघोड़ा के डेहरीडीह में सर्वाधिक 8 हाथी और उसके बाद बंगुरसिया में 5 हाथी विचरण कर रहे हैं।



हाथियों के द्वारा रौंदी गई फसल।



ड्रोन कैमरे से ली गई गजदल की तस्वीरें।

#### 19 किसानों की फसल चौपट

रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज के चारमार गांव में हाथियों ने एक ही रात में 9 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया हैए वहीं खरसिया के पण्डरमुडा गांव में भी एक किसान की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है। इसी तरह धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज चुहकीमार गांव में 4 किसानों के धान की फसलए बनहर में 3 किसानों की धानए उड़द और मुंगफली की फसल के अलावा धरमजयगढ़ के बायसी में 2 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया गया है।

#### हर गतिविधि पर रखी जा रही नजर

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथी ट्रैकिंग दल एवं हाथी मित्र दल के द्वारा जंगलों में ड्रोन कैमरे की मदद से हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखा जा रहा है। ताकि रिहायशी इलाकों में हाथी के प्रवेश करने पर उन्हें सचेत किया जा सके। इसके अलावा गांव गांव में मुनादी एवं प्रचार प्रसार कराकर गांव के ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ गांव में हाथियों के दस्तक देने पर उनसे दुरी बनाए रखने की बात कही जा रही है।



## बारातियों से भरा पिकअप पलटा,11 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बुधवार की दोपहर ग्रामीणों से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में 11 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से 9 को ज्यादा चोट लगने की वजह से रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मामला छाल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह तकरीबन साढ़े 10 बजे चीतापाली से पिकअप में सवार होकर लगभग 12 से अधिक ग्रामीण जामपाली सगाई में जा रहे थे। इसी बीच पिकअप जब बनहर मोड़ के पास पहुंची ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। पिकअप सड़क किनारे पलट गई। छाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर पैकरा ने बताया कि पिकअप पलटने की घटना में 11 लोग घायल हुए हैं, जिसमें से 9 लोगों को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। छाल थाना प्रभारी हर्षवर्धन बैस ने बताया कि 11 लोगों को चोट आई हैए जिसमें से 3 लोगों को रायगढ़ रेफर किया गया हैए जिसमें से एक की हालत गंभीर है। विजय राठिया, लोकेन राठिया, तामेश्वर राठिया, हरभजन राठिया, संजय राठिया, संतोष राठिया, कुलदीप राठिया, अजय राठिया, हलधर राठिया समेत 9 लोगों को रेफर किया गया, बाकी लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

## सीएमएचओ का एमसीएच रायगढ़ सीएचसी लोईंग में औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वीके चंद्रवंशी ने मातृ एवं शिशु अस्पताल रायगढ़ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अपने निर्धारित समय तथा ड्रेस कोड के अनुसार मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य करने तथा लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों में दिए गए लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। मितानिन दवा पेटियों में आवश्यक दवा उपलब्ध कराने तथा छूटे हुए आयुष्मान कार्डों को बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्सकों को अस्पताल में मरीजों के साथ तथा अन्य स्टॉफ को शालीनता पूर्वक व्यवहार करने हेतु निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों ओपीडी आईपीडी, दवा वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, लैब, एक्स रे कक्ष, प्रसव कक्ष, औषधि भण्डार गृह एवं कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा अस्पताल के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से मिलकर उन्हे प्राप्त हो रहे स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं एनीमिया से बचाव हेतु चिकित्सक के सलाह अनुसार नियमित रूप से आयरन एवं फोलिक एसिड दवा का सेवन करने हेतु कहा।



सीएचसी में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते सीएमएचओ।



### पुसौर में शांतिपूर्ण माहौल में खेली गई होली

**पुसौर।** पुसौर तहसील में रंगों का पर्व होली शांति और उल्लास के साथ मनाई गई। छुटपुट घटनाओं को छोड दे तो ब्लाक के डेढ सौं से अधिक गांव में किसी तरह की अप्रिय घटना अथवा परिस्थिति नहीं बनी। होली पर्व पर तहसीलदार नेहा उपाध्याय के अगुवाई में पुसौर के चौक चौराहों में गश्त लगाई गई वहीं अपनी जबाबदारी के प्रति जागरूक थाना प्रभारी आर के बंजारे ने अपनी टीम के साथ समूचे क्षेत्र का दौरा किया जिससे पुलिसिया चाक चैबंध व्यवस्था की झलक देखी गई। इसी क्रम में बीएमओ डा. विनोद नायक के मुताबिक होली से संबंधित किसी तरह की घटना नहीं हुई जबकि पुरा स्वास्थ्य अमला परिस्थितियों से निपटने अलर्ट मोड में था। इस तरह पुसौर क्षेत्र की जनता ने होली का उत्सव पारंपरिक और सौहार्द्रपुर्ण ढंग से मनाया गया।

## भाजपा का प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित राजनैतिक पार्टी है।यहां हमेशा से कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन पार्टी करती रहती है ताकि कार्यकर्ताओं की कार्यशैली पार्टी विचारधारा के अनुरूप बनी रहे और वे जनता के सहयोग के लिए सदैव उदार बने रहें। इसी विचारधारा की ताकत के बलबूते आज भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है साथ ही कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं जनता के आशीर्वाद से ही देश में 10 साल तक केंद्र में रहकर मोदी के नेतृत्व में जनता की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है।

समूचे राष्ट्र में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है, भाजपा कार्यकर्ता मोदी जी के गारंटी को लेकर घर घर जा रहे है, कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है की मोदी के कार्यों से जनता संतुष्ट है और तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में एन डी ए की सरकार बननी जा रही है। विगत दिनों हुई बैठक में लोकसभा चुनाव के कलस्टर प्रभारी बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन करने का आह्वान किया था। लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने बताया की अप्रैल के प्रथम सप्ताह से ही इस सम्मेलन की शुरुवात हो जाएगी। सम्मेलन व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रत्येक विधानसभा के लिए प्रभारी बनाए गए है एवं सम्मेलन की तिथि निर्धारित की गई है। विधानसभा रायगढ़ का सम्मेलन सोमवार 1 अप्रैल को निर्धारित है यहां के प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ला है। विधानसभा खरसिया का सम्मेलन मंगलवार 2 अप्रैल को निर्धारित है यहां मुख्य वक्ता के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम रहेंगे, यहां के प्रभारी महेश साहू को बनाया गया है। विधानसभा लैलूंगा का सम्मेलन बुधवार 3 अप्रैल को निर्धारित है यहां के प्रभारी सत्यानंद राठियाहै। विधानसभा धरमजयगढ़ का सम्मेलन गुरुवार 4 अप्रैल को होगा यहां के प्रभारी जिला भाजपा के मंत्री नरेश पंडा है। विधानसभा जशपुर का सम्मेलन शुक्रवार 5 अप्रैल को होगा यहां के प्रभारी श्रीमती शांति भगत है।





## लेक्रास नेशनल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी आगरा रवाना

**रायगढ।** मंत्री व नगर विधायक ओपी चौधरी ने अपने जनदर्शन में पुसौर से दर्जन भर युवतियों की बाते सुनने के बाद तत्काल जिलाधीश कार्तिकेय गोयल से मोबाइल में चर्चा करते हुए खिलाड़ियों को आगरा में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए आवश्यक खर्चों का प्रबंध करने का निर्देश दिया था। जिसपर जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए समुचित प्रबंध किया और यह टीम मंगवालर को आगरा में होने वाले चैंपियन शिप में भाग लेने रवाना हो पाई। गौरतलब है कि नगर विधायक ओपी चौधरी पूर्व में कलेक्टर रहते हुए प्रशासनिक अनुभव के मद्देनजर वे बेहतर समझते है कि कौन सा कार्य हो सकता है या कौन सा कार्य नही हो सकता। लेक्रास नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु टीम के खिलाड़ी जन दर्शन हेतु रायगढ़ आए और तत्काल उनकी समस्या का निराकरण भी हो गया।

## बीजेपी के लोस प्रत्याशी राधेश्यम का सारंगढ़ में जनसंपर्क

**रायगढ़।** तीन जिलों के समावेश वाले रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से ही राधेश्याम राठिया का सघन जनसंपर्क चल रहा है। प्रतिदिन चार पांच मंडलों के कई ग्रामों में जाकर जनता के बीच मोदी के विकास कार्यों का बखान राठिया कर रहे है साथ ही प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर पार्टी के प्रति अपनी श्रद्धा का परिचय दे रहे है।

आज उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा की मैं जनता को जनार्दन मानकर सेवा के लिए संकल्पित हूंए यह मेरा सौभाग्य है की मुझे आप जैसे देवतुल्य जनता को सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। मोदी के नेतृत्व में सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए आपका जनप्रतिनिधि बनकर पूरी श्रद्धा के साथ कार्य करने के लिए मैं हमेशा वचनबद्ध रहूंगा। सारंगढ़ क्षेत्र के बटाउपाली ग्राम में राधेश्याम राठिया के जनसंपर्क के दौरान ग्राम की कई महिला समितियों की सदस्यों ने मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राधेश्याम राठिया ने भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है, अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ काम करने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार तीन विषयो को आधार मानकर काम करती है। हर गरीब तक सरकार की योजनाओं को पहुंचानाए देश की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना देश का परचम, विश्व भर में लहराना।

उन्होंने कहा कि केंद्र में जब मोदी की सरकार बनी तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार होगी और सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर तबके के लोगों को मिले इस दिशा में कार्य करेगी।



## गौरीशंकर मंदिर में खेली गई फूलों की होली

**रायगढ़।** होली के पावन शुभ अवसर पर इस बार गौरी कला समिति के सदस्यों ने गौरीशंकर मंदिर में जिसमे शनिवार 23 मार्च की रात्रि 8 बजे से फाग महोत्सव का अनूठा आयोजन किया गया, फाग और होली के गीत भजन गाए गए तथा उपस्थित समस्त जनों द्वारा फूलों की होली खेली गई। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद कला मर्मज्ञ जगदीश मेहर ने अपनी हिंदी और छत्तीसगढ़ी गायन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। राजीव गुप्ता ने अनूठे अंदाज में बाबा श्याम के और राधा कृष्ण के होली भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक किशन अग्रवाल ने जोशीले अन्दाज में बाबा श्याम और भोले शंकर के भजनों पर वहां उपस्थित कीर्तन प्रेमियों को झूमने और नाचने पर मजबूर कर दिया। भजन गायक संजय मिरानिया ने भी राधा कृष्ण और शंकर जी के भजन प्रस्तुत किए। गायन के साथ वादन में चुलेश्वर मालाकार, शनि साहू, हंसराम मालाकार, हितानारायण बरेठ और रामायण सिंह का सहयोग रहा कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल, राजेश थवाईत, ओमी अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, अशोक सोनी, भीमसेन मिरानिया, गुलाब चंद मिरानिया व नंदकिशोर अग्रवाल मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में शहर के दूर दराज तक के भजन प्रेमी उपस्थित थे।



## छात्रसंघ ने कालेज में पानी और हवा व्यवस्थित करने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** शहर के डिग्री कालेज में विद्यार्थियों से जुडी समस्याओं पर कालेज प्राचार्य को अवगत कराने पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कड़ी धूप में शासकीय महाविद्यालय रायगढ़ के गेट पर बैठकर प्रिंसिपल का इंतजार कर रहे थे।

वर्तमान में जिले के व विश्विद्यालय के अग्रणी महाविद्यालय डिग्री कॉलेज में एक पाली में लगभग 1000 छात्र परीक्षा देने आ रहे है ऐसी पंखे लाइट व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं न होने के कारण से छात्रो को परेशान होना पड़ रहा था जिसको लेकर गुरुवार को ज्ञापन सौंपने वाली थी पर 11 बजे जब छात्र नेता महाविद्यालय पहुँचे तो प्राचार्य के चैम्बर में ताला लटका नजर आया। छात्र नेताओं ने प्रीसिपल से मोबाइल पर संपर्क कर समय मांगा किंतु दो घंटे बाद कालेज आने का आश्वासन मिलने के बावजूद प्राचार्य समय पर कालेज नहीं पहुंची और छात्र संघ प्राचार्य कक्ष के बाहर उनकी प्रतीक्षा में बैठा रहा। काफी देर के बाद प्राचार्य जब कालेज पहुंची तो छात्र संघ ने महविद्यालय में पेयजल की व्यवस्था, क्लास रूम में पंखे, शौचालय की सफाई, छतों में सिपेज की समस्या से अवगत कराते हुए इसे शीघ्र दुरूस्त करने की मांग की।









